राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O);

Letter No. CCE/P&C/ISDC/SLGKC/2019/...943... Date: 11th July 2019

प्राचार्य,

समस्त राजकीय महाविद्यालय

राजस्थान

विषयः राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की अत्यावश्यक सूचना के संबंध में।

लेख है कि आयुक्तालय कालेज शिक्षा द्वारा दिनांक 13 जुलाई 2019 को आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन हेतु परीक्षा प्रश्न पत्र एवं OMR शीट्स सम्भाग मुख्यालय तक पहुंच चुके हैं। सम्भाग मुख्यालय से आज दिनांक को सभी जिला मुख्यालय स्थित जिला नोडल महाविद्यालयों द्वारा प्राप्त कर लिये जायेंगे।

सभी महाविद्यालय अपने संबंधित जिला नोडल महाविद्यालय से सम्पर्क कर यथा उपलब्ध आज शाम (दिनांक 11 जुलाई 2019) तक अथवा कल (दिनांक 12 जुलाई 2019) प्रातः तक परीक्षा प्रश्न पत्र एवं OMR शीट्स प्राप्त कर अपने महाविद्यालय में हर हाल में दिनांक 12 जुलाई 2019 को मध्यान्ह तक परीक्षा सामग्री की पंहुच सुनिश्चित करें। इस संबंध में ध्यान दें कि –

1. प्रत्येक महाविद्यालय अपने यहां परीक्षा सामग्री (परीक्षा प्रश्न पत्र एवं OMR शीट्स) की प्राप्ति की सूचना **आपके महाविद्यालय की G-mail drive में उपलब्ध Spread Sheet के कॉलम संख्या GI में दिनांक 12 जुलाई 2019 की मध्यान्ह 12 बजे तक** आवश्यकरुप से भरेंगे, **ताकि आयुक्तालय स्तर पर परीक्षा सामग्री की पहुंच सुनिश्चित हो सके।** साथ ही परीक्षा सामग्री प्राप्ति की सूचना प्राचार्यों के व्हाट्सएप्प ग्रुप में तथा आपके महाविद्यालय के संबंधित प्रभारी अधिकारी को देंगे।
2. दिनांक 13 जुलाई 2019 को परीक्षा समाप्ति उपरान्त इस परीक्षा में प्रविष्ठ विद्यार्थियों की संख्या इसी **Spread Sheet के कॉलम संख्या GJ में दिनांक 13 जुलाई 2019 की अपरान्ह 3 बजे तक आवश्यकरुप से भरेंगे, ताकि आयुक्तालय स्तर पर इस परीक्षा में प्रविष्ठ विद्यार्थियों की संख्या की सूचना प्राप्त हो सके।**
3. परीक्षा समाप्ति उपरान्त निर्देशित सामग्री (OMR शीट्स एवं आवेदन पत्र का मेरे जीवन का लक्ष्य वाला भाग) संबंधित जिला नोडल कॉलेज में जमा करवाने की सूचना **दिनांक 14 जुलाई 2019 को प्रातः 11 बजे तक इस Spread Sheet के कॉलम संख्या GK में भरेंगे।** साथ ही परीक्षा सामग्री

पहुंचाने की सूचना प्राचार्यों के व्हाट्सएप्प ग्रुप में तथा आपके महाविद्यालय के संबंधित प्रभारी अधिकारी को देंगे।

आदेश की पालना अत्यावश्यकरुप से सुनिश्चित की जानी है।

(त्रिभुवनपति, RAS)
अतिरिक्त आयुक्त

पत्रांक: Letter No. CCE/P&C/ISDC/SLGKC/2019/.944-45 Date: 10th July 2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषित है–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक, HRD, आकाशि, जयपुर।
5. संबंधित प्राचार्य, राज. महाविद्यालय, राजस्थान।
6. संबंधित अधिकारी आकाशि।
7. प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आकाशि।
8. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त आयुक्त